इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर

<u>सर्टिफिकेट इन लाइब्रेरी एण्ड इन्फॉर्मेशन साइंसेस (CLIS) के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना*</u>

यह इग्नू का एक महत्वपूर्ण व रोजगारपरक कार्यक्रम है। जिसके कारण यह न केवल लोकप्रिय है अपितु पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में विधार्थियो ने इसे पूर्ण करके रोजगार हासिल किया है। इस कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 6 माह और अधिकतम अवधि 2 वर्ष है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने जनवरी, 2020 व इससे पहले प्रवेश लिया है और उनके प्रवेश की वैधता समाप्त हो गई है। ऐसे विधार्थियो की ओर से ईमेल आ रहें हैं कि हमारे एक या दो पेपर बाकी है और इस कार्यक्रम को हम कैसे पूरा कर सकते हैं। ऐसे सभी विधार्थियो को सूचित किया जाता है कि इग्नू अपनी स्टूडेंट फ्रेंडली नीति के कारण इस तरह के विधार्थियो को अपना कार्यक्रम पूरा करने का अवसर देता है। इस तरह के विधार्थियो को निम्नलिखित कार्य करने होगें:

1. आप को दुबारा से सभी चारों पेपर के साथ नवीन प्रवेश जुलाई , 2022 के लिए लेना होगा जिसका लिंक https://ignouadmission.samarth.edu.in/ है ।
2. जब आप का जुलाई , 2022 के लिए नवीन प्रवेश सुनिश्चित हो जाता है तब आप अपने पुराने नामांकन के साथ पूर्ण कर चुके पेपर के अंकों को अपने नये नामांकन संख्या में जुड़वा सकते हैं, जिसे **क्रेडिट हस्तांतरण** कहा जाता है।
3. नियमानुसार नवीन प्रवेश के लिए संपूर्ण कार्यक्रम का शुल्क 3000/- रूपये देने होंगे।
4. प्रवेश की सुनिश्चितता के बाद क्रेडिट हस्तांतरण का शुल्क 250/- प्रति पेपर अलग से देना होगा।

यदि फिर भी आप को इस संबंध में कोई शंका है तो प्रत्येक बुधवार को इग्नू क्षेत्रीय केंद्र जोधपुर द्वारा गूगल मीटिंग का आयोजन दोपहर 3:00 बजे किया जाता है। इस कार्य में हम से सीधे जुड़ सकते हैं। जिसका लिंक है - https://meet.google.com/uyc-wyqe-nih या क्षेत्रीय केंद्र जोधपुर को ईमेल (rcjodhpur@ignou.ac.in) कर सकते हैं ।

आज्ञा से

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, जोधपुर

439, कमला नगर अस्पताल के सामने, पाल लिंक रोड़, जोधपुर – 342008 (राजस्थान)

दूरभाष नं.: 0291–2755424, 2756579, 94140–36579

ई–मेल : rcjodhpur@ignou.ac.in, **वेबसाईट** : rcjodhpur.ignou.ac.in